न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
19.05.2026	प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण मुकदमा संख्या 07/2026 जगनलाल बनाम श्यामलाल व अन्य पत्रावली पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी श्री दयाराम गुर्जर को बार–बार आवाज लगवाई गई किन्तु अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित नहीं हुये। पत्रावली का अवलोकन किया गया। विचाराधीन प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण श्री रामसिंह राजावत उप जिला कलक्टर बांदीकुई के विरूद्ध पेश किया गया है। पीठासीन अधिकारी श्री रामसिंह राजावत का स्थानान्तरण हो चुका है। इसलिये प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण सारहीन हो जाने से इसी स्तर पर खारिज किये जाने योग्य है। अतः न्यायालय उप जिला कलक्टर बांदीकुई में विचाराधीन मुकदमा नम्बर 263/2025 दावा एवं टी आई नं. 229/2025 उनवानी जगनलाल बनाम श्यामलाल आदि को अन्य सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरण करने हेतु प्रार्थी जगनलाल पुत्र लक्ष्मीनारायण जाति माली निवासी अलवरियान का बास पीचूपाडा खुर्द तहसील बांदीकुई जिला दौसा द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अधीनस्थ न्यायालय उप जिला कलक्टर बांदीकुई को भिजवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर नम्बर से कम हो एवं बाद पूर्ति प्रविष्ठ अभिलेखागार की जावे। निर्णय आज दिनांक 19.05.2026 को मेरे द्वारा खुले न्यायालय में सुनाया गया। (अरविन्द शर्मा) अति. जिला कलक्टर,दौसा	